प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे कर्मचारियों के 78 दिनों के बोनस को दी मंजूरी : 5 हजार से अधिक एमबीबीएस और पीजी सीटें बढ़ाने का भी लिया फैसला।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल एक दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगी मथुरा : श्री बांके बिहारी मंदिर के साथ अन्य मंदिरों में करेंगी दर्शन पूजन।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का करेंग शुभारंभ : आयोजन में शामिल होंगे 80 से अधिक देशों के मेहमान।
4. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से जीएसटी रिफॉर्म पर किया संवाद : कहा– महंगाई से राहत देने में अहम साबित होगा यह कदम। और
5. प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को समय से पहले मिलेगी छात्रवृत्ति : मुख्यमंत्री 26 सितम्बर को लखनऊ में विशेष कार्यक्रम में देंगे तोहफा।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट

**की बैठक में रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के उत्पादकता आधारित बोनस देने को मंजूरी दी गई। बोनस का लाभ 10 लाख 90 हजार रेल कर्मचारियों को मिलेगा। बाइट.....**

*रेलवे के कर्मचारियों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस अप्रूव किया गया आज कैबिनेट में माननीय प्रधानमंत्री जी ने सेवेंटीएट डेज का एक हज़ार आठ सौ छियासठ करोड़ रुपीज का बोनस रेलवे के सभी कर्मचारियों को दिया जाएगा। करीब दस लाख नब्बे हज़ार कर्मचारी हैं जिनको इसका बेनिफिट मिलेगा।*

**केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से रेल कर्मचारियों में खुशी की लहर है। उत्तर रेलवे लखनऊ के कर्मचारी विभूति मिश्रा ने बोनस की घोषणा पर प्रधानमंत्री का आभार जताया है। बाइट.....**

*रेलवे कर्मचारी के पक्ष में बड़ा अच्छा डिसीजन है। इसके लिए हम सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। मुझे लगता है की इस कदम से जो है कहीं न कहीं मार्केट में भी थोड़ा बूम आने का काम होगा। लोग परचेजिंग करेंगे और जो अभी जी एस टी दर केंद्र सरकार ने कम करी है उसका फायदा लोगों को मिलेगा।*

**इसके अलावा कैबिनेट ने राज्य और केंद्र सरकार के मौजूदा मेडिकल कॉलेजों, स्वतंत्र स्नातकोत्तर संस्थानों, और सरकारी अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तीसरे चरण को स्वीकृति द दी है। इससे 5,000 स्नातकोत्तर और करीब 5000 एमबीबीएस सीटें बढ़ाई जा सकेंगी।**

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल एक दिवसीय दौरे पर मथुरा और वृंदावन आएंगी। राष्ट्रपति यहां श्री बांके बिहारी मंदिर के साथ अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन करेंगी। उनके दौरे को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। पेश है एक रिपोर्ट–

*राष्ट्रपति कल नई दिल्ली से स्पेशल ट्रेन से वृंदावन रोड रेलवे स्टेशन छटीकरा आएंगी। श्रीमती मुर्मू वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर, निधिवन राज मंदिर और कुब्जा कृष्ण मंदिर में दर्शन करेंगी। साथ ही सुदामा कुटी में संत सुदामा दास की भजनकुटी का लोकार्पण करेंगी। मंगलवार को मंडलायुक्त शैलेंद्र सिंह और एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। पुलिस ने सभी प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। यातायात को भी सुचारू रखने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी की जा रही है। उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। 29 सितंबर तक आयोजित होने जा रहे इस ट्रेड शो के बारे में जानकारी देते हुए आज प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि इस आयोजन में 80 से अधिक देशों के लोग शामिल होंगे। इस संस्करण में 5 लाख से अधिक विजिटर्स के आने की उम्मीद है। बाइट.....

*पिछले बार बाईस सौ करोड़ का लगभग जो आंकड़ा आया था। इस बार पाँच हजार करोड़ से कम का व्यापार नहीं होगा और पांच लाख से अधिक फुटपाल होगा और जिस तरह से प्रचार प्रसार इस बार हुआ है लोगों में चर्चा है क्योंकि तीसरा संस्करण है तो निश्चित तौर पर हमारे उत्तर प्रदेश के जो उत्पादक है, उद्यमी हैं उनको एक नया बाजार मिलेगा, बड़ा बाजार मिलेगा और हमारे यहां के उत्पाद पूरे देश नहीं पूरे दुनिया में उनको एक बड़ा अवसर है।*

——————————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार, परिवर्तनऔर प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला– सेवा पर्व में, हम बता रहे हैं कि मोदी सरकार भारत एआई मिशन केमाध्यम से देश को भविष्य के लिए कैसे तैयार कर रही है।**

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई की क्रांति के माध्यम से आमजन की जीवनचर्या और सोचने समझने के नजरिये में बदलाव आया है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने पिछले साल मार्च में दस हजार तीन सौ करोड रूपये की लागत वाले इंडिया एआई मिशन को मजूरी दी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य एआई को भारत के लिए उपयोगी बनाना है। आज हम देख रहे हैं भारत एआई डेवलेपमेंट और एडप्शन में आगे रहने वाले देशों में शामिल है। इसके विस्तार के लिए सरकार ने इंडिया एआई मिशन को लॉन्च किया है। हम मेक एआई इन इंडिया इसके विजन पर काम कर रहे हैं और हमारा उद्देश्य है मेक एआई वर्क फॉर इंडिया। इंडिया एआई मिशन सिर्फ एक पहल ही नहींहै। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, समाचार कक्ष से मैं, मुकेश कुमार बल।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसक साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ के हज़रतगंज इलाके में व्यापारियों और उपभोक्ताओं से मुलाकात कर जीएसटी रिफॉर्म को लेकर संवाद किया। इस दौरान मीडियासे बातचीत में उन्होंने कहा कि यह रिफॉर्म महंगाई से राहत देने को दिशा में बड़ाकदम साबित होंगा। बाइट.....

*घर के उपयोग में आने वाले सभी प्रकार की सामग्रियों में जीएसटी में भारी कटौती करके जीरो या पांच पर्सेंट तक लाया गया है। इसका लाभ हर एक तबके को प्राप्त हो रहा है। इस रिफॉर्म का जो लाभ देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने, वर्तमान की चुनौतियों का सामना करने के साथ साथ महंगाई को न्यूनतम स्तर पर लाने में इससे मदद मिलेगी। चूंकि उत्तर प्रदेश आबादी का सबसे बड़ा राज्य है। इसका सबसे बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को प्राप्त हो रहा है।*

——————————

जोएसटी की नई दरें इस महीने की 22 तारीख से लागू हो चुकी हैं। नए ढांचे के अंतर्गत पहले की पांच,

बारह, अठारह और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय कर संरचना को सरल बनाकर अब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया गया है। पेश है एक रिपोर्ट......

*अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, मध्यम और निम्न–मध्यम वर्ग के परिवारों को प्रत्यक्ष बचत प्रदान करने के लिए, सरकार ने सब्जियों पर कर की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इसी प्रकार, प्रसंस्कृत फल उत्पादों पर भी जीएसटी की दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम का उद्देश्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देना, निर्यात को बढ़ावा देना और लागत कम करके किसानों और उपभोक्ताओं को लाभान्वित करना है। रोहन के साथ आदित्य प्रताप सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में 26 सितम्बर को लखनऊ में प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि इस वर्ष विशेष पहल करते हुए छात्रवृत्ति समय से पहले देने का निर्णय लिया गया है। पेश है एक रिपोर्ट...........

*प्रदेश सरकार ने छात्र–छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष एक विशेष पहल की है। इसके अंतर्गत अब तक फरवरी–मार्च माह में मिलने वाली छात्रवृत्ति अब नवरात्र और सितम्बर माह में वितरित की जाएगी जिससे विद्यार्थी इसका लाभ समय पर उठा सकें। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि वर्ष 2024 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी, जबकि वर्ष 2025*

*में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक हो जाएगी। सरकार का यद कदम छात्रों को आर्थिक मज़बूती प्रदान करेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिम।*

———————————

नवरात्रि के तीसरे दिन प्रदेश भर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। अयोध्या में रामकोट की परिक्रमा के लिए दूर–दराज से श्रद्धालु पहुंचे हैं। उन्नाव में मां चंद्रघंटा के दर्शन के लिए भोर से श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लगी हुई हैं। वाराणसी में भी मां चंद्रघंटा के दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया है। भोर से ही मंदिरों के बाहर श्रद्धालु आस्था के इस पर्व में माँ के सामने माथा टेककर श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं।

(समाप्त)